2022/232

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट | **बनाम** | **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री महेन्द्र गोयल पुत्र श्री सुन्दरसिंह
निवासी नयावास नं. 02
वार्ड नं. 31
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 30 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
16.05.2022	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि मनु मेवाडा सभापति नगर परिषद सिरोही के पूर्व में कितने प्रकरण चल रहे है एवं कौन–कौन सी धाराओं में लगे हुए है उक्त समस्त सूचना एवं 34 वार्ड मेम्बरों के शपथ पत्र की सत्यापित प्रति निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन कार्यालय से प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि मनु मेवाडा सभापति नगर परिषद सिरोही के पूर्व में कितने प्रकरण चल रहे है एवं कौन–कौन सी धाराओं में लगे हुए है उक्त समस्त सूचना एवं 34 वार्ड मेम्बरों के शपथ पत्र की सत्यापित प्रति निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन कार्यालय से प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली का अवलोकन करने पर प्रतीत होता है कि लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा जरिए पत्र क्रमांक 160 दिनांक 29.03.2022 को मूल आवेदन आयुक्त नगरपरिषद सिरोही से सम्बन्धित होने से स्थानान्तरित कर दिया। चूंकि आयुक्त नगरपरिषद सिरोही के अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। [illegible] कम हो । (डॉ. भँवर लाल) जिला कलक्टर, सिरोही	

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhanwar Lal
Date: 2023.03.01 13:13:43 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner